Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a bigger underpass near level crossing No. 87C 2E between Chilbila and Jagesharganj railway stations in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh -laid.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): मेरे लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) अंतर्गत वाराणसी से लखनऊ जाने वाली रेल लाइन पर चिलबिला रेलवे स्टेशन से आगे जगेशरगंज रेलवे स्टेशन से पहले लेवल क्रोसिंग संख्या 87C2E के सन्निकट स्थित रेलवे अंडरपास, जो आज़ादी के पहले का बना पुराना अंडरपास है, के मध्य से ही ग्राम सभा संग्रामपुर और हुडहा के बीच आने जाने का एकमात्र मार्ग है और इसी रास्ते से होकर प्रतिदिन कई दर्जन गाँव के लोग दैनिक कार्यों हेतु आते जाते है किंतु अंडरपास अत्यंत पुराना व संकरा होने के कारण लोग उसके निकट स्थित रेलवे लाइन को जान जोखिम में डालकर पार करते है जिसके कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओ के शिकार होते है साथ ही साथ उस मार्ग से होकर कोई बड़ा वाहन न जा सकने के कारण निर्माण सामग्री आदि लेकर जाने वाले बड़े वाहन चोरी चुपके अंडरपास के उपर सीधे रेलवे लाइन क्रॉस करते है जिसके कारण किसी दिन बड़ी अप्रिय घटना घटित हो सकती है इसी के साथ यह अवगत कराना है कि उक्त क्रोसिंग के पार एक नवीन आईटीआई निर्माण का प्रस्तावित स्थल भी है जिसमें आवागमन का सुचारु रास्ता न होने के कारण निर्माण कार्य आरंभ नहीं हो पा रहा है । मेरे द्वारा अनुरोध किए जाने पर रेलवे के तकनीकी अधिकारियों द्वारा असली निरीक्षण भी किया गया तथा उक्त स्थल पर रेलवे अंडरपास को बड़ा कर बनाए जाने हेतु अपनी संस्तुति भी मंत्रालय को प्रेषित की गयी किन्तु 8 माह से प्रकरण लंबित पड़ा है अतः निवेदन है कि वाराणसी-लखनऊ रेल मार्ग के चिलबिला जंक्शन से जगेशरगंज के बीच स्थित लेवल क्रोसिंग संख्या 87C2E सन्निकट संग्रामपुर हुडहा गाँव के बीच स्थित पुराने छोटे अंडरपास के स्थान पर तत्काल बड़ा अंडरपास का निर्माण रेल मंत्रालय से कराने की कृपा करें ।